सार-समाचार

लोक अदालत आज, 8 बैंच पर सुनवाई

जालोर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट के निर्देशन में शनिवार को जिले भर में राष्ट्रीय लोक अदालत का ओजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर 8 बैंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत को लेकर जिला मुख्यालय पर 3 एवं तालुका मुख्यालयों पर 5 बैंचेज का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि जिला मुख्यालय पर जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया टावरी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद की अध्यक्षता में बैंचेज बनाई है। इसी प्रकार आहोर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधीर चौहान, भीनमाल में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामदेव सांदु, एसीजेएम महेंद्र कुमार टांक की अध्यक्षता में बैंचेज बनाई है। सांचौर में एसीजेएम भीमसिंह मीणा की अध्यक्षता में तथा रानीवाडा में जेएम सांचैर हिम्मतराज की अध्यक्षता में बैंचेज बनाई गई है। इसी प्रकार जालोर उपखंड अधिकारी मनोज, आहोर में तहसीलदार भाद्राजून चंदन पंवार, भीनमाल उपखंड अधिकारी मोहित कसानिया, सांचोर में उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार तथा रानीवाडा में उपखंड अधिकारी सुनिल कुमार को राजस्व मामलों की बैंच में सदस्य बनाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने पक्षकारान, पैनल अधिवक्ता, अधिवक्तागण आदि को लोक अदालत में सकारात्मक रूप से सहयोग देकर अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण करवाने की अपील की है। वही राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिले भर में 30 अप्रैल तक कुल 11 हजार 65 प्रकरण चिन्हित किए गए है। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से 3182 तथा प्री लिटिगेशन के 7 हजार 883 प्रकरण चिन्हित किए गए है।

जोधपुर शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी

जोधपुर, (कासं)। कांग्रेस की जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित कार्यकारिणी में कुश गहलोत को संगठन महासचिव, सुरेश शर्मा को कोषाध्यक्ष और संजय गौड़ को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं राम सिंह सांजू, जगदीश सांखला, अब्दुल कय्यूम लोधी, राजेंद्र कुमार आर्य और मनोज व्यास को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा शेर मोहम्मद, लियाकत अली रंगरेज, मयंक देवड़ा, अनिल जोशी, राजेश रामदेव, भंवरलाल सियोल और मनीष लोढ़ा को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी में अरविंद गहलोत, तीर्थराज कल्ला, कानाराम भाटी, लक्ष्मण नायक, रतनाराम ठोलिया, विमला गुर्जर, प्रदीप पंवार, हैदर रजा, विजय कुमार मंगानी, चेतन प्रकाश जयपाल, मोहम्मद इमरान, अंजुला रुपया, प्रदीप वैष्णव, इंतखाब आलम और प्रेम कंवर शेखावत को सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं सुरेश सागर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

महेश व्यास प्रदेश उपाध्यक्ष बने

फलोदी, (नि.सं.)। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजी लाल दवे ने फलोदी के युवा समाजसेवी महेश व्यास को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र जारी होते ही समूचे फलोदी जिले में खुशी की लहर दौड गई। जानकारी के अनुसार विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजी लाल दवे ने संगठन विस्तार के तहत यह निर्णय लिया है। खासकर महेश व्यास लंबे समय से सामाजिक कार्यों और युवाओं को जोडने में सक्रिय रहे हैं जिसके चलते संगठन ने उनकी कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव पद पर पार्टी के सच्चे सिपाही में रूप में कार्य करनेवाले महेश व्यास की नियुक्ति की खबर मिलते ही फलोदी जिले के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। युवाओं ने कहा कि व्यास के उपाध्यक्ष बनने से जिले को प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर राष्ट्रदूत से वार्ता करते हुवे विप्र फाउंडेशन के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष महेश व्यास ने कहा, प्रदेश अध्यक्ष चिरंजी लाल दर्वे का आभार व्यक्त करता हुँ। जिन्होंने संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना और युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोडने के लिए मुझे इस लायक समझा।

यादे मंदिर पर भजन संध्या 13 को

पाली, (नि.सं.)। श्री यादे माता मंदिर सूरजपोल की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुए सामुहिक विवाह महासम्मेलन के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में 13 व 14 मई को दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। पाली पट्टी मीडिया प्रभारी मुकेश विजयराज हाटवा ने बताया कि 13 मई बुधवार को शाम 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्री यादे माता मन्दिर सूरजपोल की वर्षगांठ 2027 की बोलियां लगाई जाएंगी व सामुहिक विवाह महासम्मेलन में शेष रहे भामाशाहों व दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। विवाह समिति अध्यक्ष मदनलाल कपुपरा ने बताया कि 14 मई गुरुवार को प्रातः 8.15 बजे श्रींविनायक जी की थाली का आयोजन किया जाएगा। जिसमे रावजी की बही का वाचन व प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। पाली पट्टी अध्यक्ष भंवरलाल चंदवाड़ीया, कोषाध्यक्ष फतेहराज नगरिया, नारायणलाल एंदला, हरिराम चंदवाड़ीया, अशोक जाजपरा, सोनाराम रेडवाल, सोहनलाल नगरिया, बस्तीराम चंदवाड़ीया, चम्पालाल कुण्डलवाल, दिनेश वरानदना, मुकेश बी हाटवा, केशाराम, दुर्गेश बेड़ा, गुलाबराम, हस्तीमल, कैलाश सहित सभी समाज बंधु तैयारियों में जुटे हैं।

विद्या भारती स्कूल ने मनाया मदर्स डे

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालय की कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक की प्रत्येक कक्षा द्वारा मदर्स डे पर पृथक पेंटिंग बनाई गई तथा प्रत्येक कक्षा में मां से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। नर्सरी व यूकेजी के नन्हे बालकों द्वारा मेरी प्यारी अम्मी गाने पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, वहीं कक्षा प्रथम से पांचवीं तक के छात्रों ने दुनिया की सबसे प्यारी मेरी मा विषय पर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक के.एन. भाटी ने संबोधित करते हुए मां की महत्ता तथा वर्तमान परिवेश में उसके ममत्व पर प्रकाश डाला। स्कूल की निदेशिका मधुबाला भाटी द्वारा मां के सम्मान तथा उनकी आज्ञा पालन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

रेवदर में पालना गृह का शुभारंभ किया

रेवदर, (निसं)। रेवदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिले के छठे पालना गृह का शुभारंभकिया गया, जिला न्यायाधीश अजय शर्मा ने फीता काटकर पालना गृह का उद्घाटन किया और इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार की अपील की। न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल शर्मा ने बताया कि रेवदर क्षेत्र में लंबे समय से पालना गृह की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई लावारिस नवजात शिशु मिले तो उसे सुरक्षित रूप से पालना गृह में रखा जा सकता है। इस दौरान एसडीएम राजन लोहिया ने पेंशनरों के 95 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण होने की जानकारी देते हुए लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सावित्री आनंद सहित प्रशासनिक और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

कान्य कुंज ब्राह्मण समाज की बैठक हुई

पाली, (नि.सं.)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की मीटिंग कृष्णा विद्या मंदिर विद्यालय में हुई। अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम के कामों में समाज के कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व सहयोग मिला। परशुराम जन्मोत्सव के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर सभी कार्यकर्ताओ का आभार व धन्यवाद प्रकट किया गया। मीटिंग में आगामी समाज के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। कान्यकुब्ज समाज अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी, , सचिव पंकज दुबे, कोषाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा,उपाध्यक्ष पवन पांडेय, अशोक पांडेय, जगदीश दुबे, विकास दुबे, जितेन्द्र चतुर्वेदी आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

एग्रीटेक मीट रथ के प्रभारी नियुक्त

जालोर , (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रथों के सफल संचालन, समन्वय एवं सहयोग के लिए विधानसभावार प्रभारी के रूप में दानाराम चौधरी आहोर, आवडदान चारण जालोर, महेन्द्र मेघवाल (जोधपुर) भीनमाल, रविन्द्र सिंह बालावत सांचौर एवं जगदीश देवासी खारा बेरा को रानीवाडा प्रभारी नियुक्त किया गया हे। यह जानकारी भाजपा के जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने दी।

प्रभारी मंत्री ने बाली में संध्या चौपाल कर सुनी परिवेदनाएं

जालोर,(कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने गुरूवार को सायंकाल भीनमाल विधानसभा की बाली ग्राम पंचायत में संध्या चौपाल कर ग्रामीणों के परिवेदनाएँ सुनी तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

संध्या चौपाल में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी क्रम में ग्राम रथ अभियान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बनाने का प्रभावी माध्यम है। सभी नागरिक इन रथों से जानकारी प्राप्त कर राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी अपेक्षाएं और सुझाव जानकर कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में आमजन की भागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है तथा सरकार जनता की भावनाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार एवं .षि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनसुविधाओं के सु.ढ़ीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान के माध्यम से सरकार सीधे गांव स्तर तक पहुंचकर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रही है, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ी है और लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है।

उन्होंने लोगों से सुझाव पेटिका के माध्यम से अपने सुझाव देने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता के सुझाव सरकार की नीतियों को और अधिक जनहितकारी एवं प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होकर गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं का सशक्तिकरण हो। उन्होंने चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है और प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी लाखाराम, तहसीलदार रामलाल, विकास अधिकारी अंकित जीनगर, दानाराम चौधरी, महेन्द्र मेघवाल, हिंगलादान चारण, सांवलाराम देवासी, परबतसिंह, प्रवीण दवे, गंगदाराम, प्रशासक मूलसिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बाली में आयोजित संध्या चौपाल से पूर्व प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने चितलवाना में ग्राम रथ अभियान के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

वही शुक्रवार को आसाणा, चौराऊ, वालेरा, गुन्दाऊ, सेड़िया, सरनाऊ, नोरवा, बांकली, धाणा, भोरड़ा, गोमी, मोरसीम, नया मोरसीम, राउता व चैनपुरा में ग्राम रथों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। योजनाओं को रोचक बनाने के लिए लोक कलाकारों द्वारा शाम के समय गांवों में 'संध्या चौपाल' में कला जत्था के माध्यम से योजनाओं को गीतों और नाटकों के जरिए प्रभावी ढंग से समझाया गया। ग्राम रथ को देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड पड़ा।

11 साल पुराने हिट एंड रन केस में आरोपी बरी

जोधपुर, (कासं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट जोधपुर महानगर के पीठासीन अधिकारी मनेन्द्र शर्मा ने 11 वर्ष पुराने मुकदमें में फैसला सुनाते हुए गैर इरादतन हत्या के आरोपी हिट एंड रन केस में आरोपी साजिद खान को टक्कर मार कर एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने के मुकदमें में बरी करने का फैसला सुनाया

आरोपी साजिद खान की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता जहीर अब्बास में बताया कि अभियोजन पक्ष साजिद खान के विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

2015 में परिवादी देवीलाल ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि नेशनल हैंडलूम के सामने वह और उसका पिता नारायण राम जा रहे थे जिसमें साजिद खान तेज लापरवाही से मोटरसाइकिल एनफील्ड चलता हुआ आया और उसके पिता को टक्कर मार कर उछाल दिया और भाग गया जिससे उसके पिता को मथुरादास माथुर हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

टक्कर से एक हाथ और पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोटे आई और उसके बाद उनको वहां से इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया गया जहां पर दौराने इलाज उनकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर बाद जांच आरोपी के विरुद्ध चालान प्रस्तुत किया गया था।

पीठासीन न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अधिवक्ता जहीर अब्बास के तर्कों से सहमत होते हुए गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में फैसला सुनाते हुए आरोपी को बरी करने का आदेश प्रदान किया।

'बीमा कंपनी का दस्तावेज के अभाव में दावा खारिज किया जाना अनुचित'

जोधपुर, (कासं)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने व्यवस्था दी है कि सर्वेयर द्वारा नुकसान आंकलन के बाद बीमा कंपनी का दस्तावेज के अभाव में दावा खारिज किया जाना अनुचित है। बीमा कंपनी की अपील निस्तारित करते हुए आयोग की न्यायिक सदस्य उर्मिला वर्मा और सदस्य लियाकत अली ने बीमा कंपनी की बैंक को पक्षकार के अभाव में परिवाद खारिज करने की मांग को यह कहकर ठुकरा दिया कि यह आपत्ति जिला आयोग के समक्ष नहीं उठाई गई। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी को दावा राशि 13 लाख 95 हजार 634 रुपए मय 9 फीसदी ब्याज और परिवाद व्यय दस हजार रुपए अदा करने होंगे।

ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अपील दायर कर कहा गया कि दावेदार की ओर से दावा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने के कारण उन्होंने दावा सही खारिज किया है और एस बीआई से ऋण लेने पर आवश्यक पक्षकार होने के बावजूद परिवाद में पक्षकार नहीं बनाए जाने पर जिला आयोग ने परिवाद मंजूर कर गलत किया है इसलिए अपील मंजूर की जाएं।

परिवादी की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि बैंक को पक्षकार नहीं बनाए जाने की आपत्ति जिला आयोग में नहीं लेने से अपील के समय तथ्यात्मक आपत्ति नहीं ली जा सकती है।

उन्होंने कहा कि जब बीमा कंपनी के नियुक्त सर्वेयर ने नुकसान का आकलन कर लिया है तो दस्तावेज के अभाव में दावा खारिज किया जाना बीमा कंपनी का अनुचित व्यापार व्यवहार है। उन्होंने कहा कि जिला आयोग,जालोर ने परिवाद मंजूर कर कोई गलत नहीं किया है।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपील निस्तारित करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि बीमा कंपनी को दस्तावेज परिवादी ने यदि उपलब्ध नहीं कराए है तो सर्वेयर ने किस आधार पर नुकसान का आकलन कर लिया है।

उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी यह साबित करने में अक्षम रही है कि परिवादी ने नुकसान नहीं होने पर भी झूठा दावा पेश कर दिया था।

उन्होंने कहा कि दावा आंकलन हो जाने पर दस्तावेज के अभाव में दावा खारिज किया जाना गलत और अनुचित है। उन्होंने बीमा कंपनी की बैंक को पक्षकार के अभाव में परिवाद खारिज करने की मांग को यह कहकर ठुकरा दिया कि यह आपत्ति जिला आयोग के समक्ष नहीं उठाई गई।

उन्होंने दावा राशि 13 लाख 95 हजार 634 रुपए मय 9 फीसदी ब्याज तथा परिवाद व्यय दस हजार रुपए अदा करने का आदेश बीमा कंपनी को दिया।

वेटिंग टिकट कंफर्म होने की सटीक जानकारी मिलेगी

जोधपुर, (कासं)। भारतीय रेलवे की 40 साल पुरानी आरक्षण प्रणाली अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस होकर अधिक स्मार्ट और यात्री-अनुकूल बनने जा रही है।

नई अपग्रेडेड प्रणाली में वेटिंग टिकट के कन्फर्म होने की संभावना बताने की सटीकता 53 प्रतिशत से बढक़र लगभग 94 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग के समय ही सीट कन्फर्म होने का अधिक भरोसेमंद अनुमान मिल सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अगस्त से ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से नई पीआरएस में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तकनीकी बदलाव के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1986 में शुरू हुई आरक्षण प्रणाली में यह अब तक का सबसे बड़ा तकनीकी उन्नयन माना जा रहा है।

वर्तमान में रेलवे के कुल टिकटों में लगभग 88 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से हो रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि रेलवे का रेलवन ऐप भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

अब तक इसे लगभग 3.5 करोड़ बार डाउनलोड किया जा चुका है और इसके माध्यम से प्रतिदिन करीब 9.29 लाख टिकट बुक किए जा रहे हैं।

भारतीय रेलवे ने वर्ष 2024-25 में यात्रियों को लगभग 60,239 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की।

औसतन प्रत्येक टिकट पर यात्रियों को करीब 43 प्रतिशत तक की राहत मिल रही है।

यानी 100 रुपये की वास्तविक यात्रा लागत पर यात्री लगभग 57 रुपये ही भुगतान कर रहे हैं।

रेलवन ऐप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह यात्रियों को रेलवे से जुड़ी लगभग सभी प्रमुख सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। रेलवन ही वह ऐप है जिस पर वेटिंग टिकट के कन्फर्म होने के अनुमान की सटीकता पहले के 53 प्रतिशत से बढक़र 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इस ऐप के जरिए आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग, टिकट रद्दीकरण, रिफंड, ट्रेन की लाइव लोकेशन, प्लेटफॉर्म जानकारी, कोच पोजीशन, वेटिंग स्टेटस और रेल मदद जैसी सुविधाएं आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं।

यात्रा के दौरान यात्री इसी ऐप के माध्यम से अपनी सीट पर भोजन भी मंगवा सकते हैं। सरल इंटरफेस और बहुउपयोगी सुविधाओं के कारण यह ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है।

मनोहर सिंह धवला अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी.) जयपुर की जालोर ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन शुक्रवार को पंचायत समिति परिसर में हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया जिला पर्यवेक्षक समंदर सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छगन मीणा की मौजूदगी में हुई। नई कार्यकारिणी में शांता मीणा को ब्लॉक उपाध्यक्ष, मोहनाराम को ब्लॉक मंत्री, कैलाश मीणा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, जगदीश पटेल को संयुक्त मंत्री, हरिश सिंह को संगठन मंत्री, विक्रम सिंह को जिला प्रतिनिधि तथा नाथू सिंह को ब्लॉक प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

इस दौरान निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता मीणा सहित बडी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर मदन सिंह बालोत, लच्छाराम प्रजापत, रमेश देवासी, महेंद्र कुमार, भंवरलाल, अर्जून कुमार, पारस कुमार, सुमित भारद्वाज, अशोक कुमार समेत कई अधिकारियों ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी।

शेखावत व चतुर्वेदी जैसलमेर आएंगे

जैसलमेर, (नि.सं.)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार को पोकरण विधानसभा क्षेत्र के फ़लसूंड गांव में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रात्रि चौपाल में भाग ले कर जन समस्याएं सुनेंगे। वहीं 11 जून को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं मंत्री व वर्तमान में राज्य वित आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी राजस्थान सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य से गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुचने वाले विकास रथ की समीक्षा के साथ जन सुनवाई करेंगे।

डॉ. इंद्ररजीत ने समीक्षा की

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर केएनएसटीडीसी निदेशक डॉ. इंद्ररजीत सिंह ने शुक्रवार को जालौर जिले का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने हाई रिक्स विलेज बडगांव ब्लॉक रानीवाडा में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का निरीक्षण कर अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, स्क्रीनिंग कार्य एवं विभिन्न इंडिकेटर्स की विस्तार से समीक्षा की।

आत्मनिर्भर मंडल की कार्यशाला बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर विधानसभा के भाजपा मंडल उम्मेदाबाद में राष्टीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार ओर राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड एवं जालोर भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल उम्मेदाबाद की आत्मनिर्भर मंडल की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा मंडल के सभी दहित्वान कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों ओर संगठन संरचना के बारे में जानकारी देना ओर सभी कार्यकर्ताओं को आम जन की सेवा कार्यों में लग कर जनहितैषी केंद्र सरकार ओर राजस्थान सरकार की योजनाओं से सभी को लाभान्वित करवाना है।

मंडल क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ भाजपाइयों के मार्गदर्शन में भाजपा को मजबूत ओर संगठित करने की प्रेरणा दी गई । जिला संगठन के प्रतिनिधि के रूप में जिला महामंत्री श्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने कार्यशाला में भाग लिया।

सिसोदिया ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला ओर उसको जमीन स्तर पर उतार कर संगठन को मजबूती देने पर चर्चा की । आई टी जोधपुर संभाग संयोजक श्री चंद्रकांत सन्देश ने मंडल की आई टी टीम को संगठन की गतिविधियों को सरल एप पर अपलोड करने ओर नमो एप पर सरकार ओर कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

जालोर विधानसभा क्षेत्र के सह संयोजक राव गणपत सिंह बगैडिया ने सभी पदाधिकारी ओर कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों में सजगता ओर जागरूकता से काम करके संगठन को नई दिशा देने पर जोर दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने की। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को उनसे कार्यों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली ओर उसको त्वरित समय पर समाधान करने पर बात रखी।

मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने बताया कि सरकार ओर आम जनता की धुरी संगठन का कार्यकर्ता होता हे कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करता है। गर्ग ने बताया कि आज जन हितार्थ कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना ओर उनको लाभान्वित करवाने का काम कार्यकर्ता करता है। मंडल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं का मार्गदर्शन लेकर संगठन में अनेकों नवाचार करके संगठन को सुदृढ ओर एकजुटता से भाजपा को विश्व की सर्वोच्च पार्टी के लिए हमे मिलजुलकर काम करना हे । मंडल उपाध्यक्ष सूजाराम जी मेघवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसरदशरथ सिंह भाटी, प्रशासक सुश्री आशा कुमारी सरगरा मंडल मंत्री , मंडल उपाध्यक्ष सूजाराम जी मेघवाल, कल्याण सिंह जी पडिहार, नैन सिंह जी राजपुरोहित, छैल सिंह रावणा राजपूत , कैसा राम प्रजापत , भीमाराम सरगरा, तलाराम सरगरा , जामताराम सरगरा, अमरा राम जी माली मंडल महामंत्री, कुलदीप जी यति, जबरारम सरगरा , भरत जी सरगरा मंडल संयोजक मन की बात, भीखाराम मेघवाल, मीठालाल गर्ग , दीपक गर्ग संयोजक, सूजाराम मीणा , कसनाराम प्रजापत मंडल मंत्री, जेताराम देवासी बूथ अध्यक्ष, शांतिलाल , कानाराम , देवाराम , हजाराम भाटी, आईदान सुथार, सामता राम, गजेंद्र प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर चर्चा की

जोधपुर, (का.सं.)। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहर 2.0 के प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता द्वारा शुक्रवार को जोधपुर नगर निगम सहित जिले की सभी नगर निकायों की स्वच्छ भारत मिशन शहर अभियान की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जोधपुर आयुक्त राहुल जैन ने गुप्ता का स्वागत किया।

बैठक में जोधपुर (शहर) भाजपा विधायक अतुल भंसाली का भी विशेष आतिथ्य रहा।

गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

गुप्ता ने कहा कि किसी भी राज्य की वास्तविक पहचान उसकी स्वच्छता, नागरिक अनुशासन और जनजागरूकता से होती है। एक स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है और स्वस्थ समाज ही विकास की सबसे बड़ी शक्ति बनता है। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ राजस्थान ही विकसित राजस्थान की पहचान बनेगा।

जोधपुर नगर निगम के तहत शहर 100 वार्ड में विस्तारित है जिसे स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न 8 जोन में विभाजित करते हुए संबंधित आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई।

इसके साथ ही प्रत्येक जोन के लिए प्रभारी और सह प्रभारी बनाए जाएंगे और उन्हें भी आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा जाएगा, वहीं प्रत्येक वार्ड स्तर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मनोनीत किए जाएंगे।

गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों जयपुर नगर निगम के कमिश्नर ओम कसेरा के निर्देशन में स्वच्छता मैराथन अभियान चलाया गया था, जिसके तहत लगभग 6 हजार टन कचरा एक दिन में ही निस्तारित किया गया। इसी प्रकार का एक स्वच्छता अभियान जोधपुर निगम क्षेत्र में भी चलाया जाएगा जिसके तहत एक दिन कचरा निस्तारण तथा अगले दिन प्लास्टिक उन्मूलन अभियान अगले दिन गाय पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जोधपुर नगर निगम कमिश्नर राहुल जैन को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सांत्वना दी

जालोर, (कासं) । मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी ने शुक्रवार को शिवाजी नगर निवासी सवाराम चौधरी के निधन पर उनके आवास पर शोकाकुल परिजनों को इस दुःखद घड़ी में ढांढ़स बंधाया। लघु उद्योग भारती के प्रकाशचंद्र गुप्ता व कुमार पाल गौतम सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नर्सिंग विद्यार्थियों ने रक्तदान किया

जालोर , (कासं)। अंतराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय और रेडक्रॉस सोसाइटी जालोर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक सामान्य चिकित्सालय जालोर में किया गया।

प्राप्त ज